Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **झालावाड़ में डिस्कॉम का तकनीकी सहायक 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *14 जून, शुक्रवार*/ ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की झालावाड़ इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये **आशीष कुमार तकनीकी सहायक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, झालावाड़ ग्रामीण** को परिवादी से **30 हजार रुपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की झालावाड़ इकाई को एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि उसके द्वारा आवेदित थ्री–फेस कृषि कनेक्शन जारी करवाने की एवज में आरोपी आशीष कुमार स्टोर कीपर, तकनीकी सहायक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, झालावाड़ ग्रामीण द्वारा स्वयं तथा ए.ई.एन/जे.ई.एन. के लिये **30 हजार रुपये** रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर ए.सी.बी. कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कल्याण मल मीणा** के सुपरवीजन में ए.सी.बी झालावाड़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगराम मीणा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही की जाकर आरोपी आशीष कुमार स्टोर कीपर, तकनीकी सहायक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, झालावाड़ ग्रामीण को परिवादी से **30 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। मामले में ए.सी.बी द्वारा भष्टाचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया जाकर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**